CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 182 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 24 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## देवखेड़ा 'क्रांति तीर्थ' बना : केसरीसिंह बारहठ की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को देगी प्रेरणा : गजेंद्र सिंह शेखावत





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचन्द पेसवानी)।** राजस्थान की वीर भूमि और स्वतंत्रता संग्राम की अमिट पहचान राजस्थान केसरी अमर शहीद केसरीसिंह बारहठ की स्मृतियां मंगलवार को उनके पैतृक गांव देवखेड़ा में भव्य प्रतिमा अनावरण के साथ पुनः जीवंत हो उठीं। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि यह प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र है। इसके साथ ही देवखेड़ा सही अर्थों में क्रांति तीर्थ बन गया है।भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंजे इस ऐतिहासिक आयोजन ने देवखेड़ा को राष्ट्रीय चेतना के मानचित्र पर विशेष स्थान दिला दिया।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की वैश्विक साख बढ़ी है और भारत आर्थिक रूप से पहले से कहीं अधिक सशक्त हुआ है। यह वही भारत है, जिसका सपना केसरीसिंह बारहठ जैसे क्रांतिकारियों ने देखा था।

उन्होंने कहा कि केसरीसिंह बारहठ ने अंग्रेजी हुकूमत से हथियारों से नहीं, बल्कि शब्दों की शक्ति से संघर्ष किया। उनकी सोरठों और रचनाओं ने जनमानस में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाई। महाराणा मेवाड़ को दिल्ली दरबार जाने से रोककर उन्होंने यह स्पष्ट संदेश दिया कि राष्ट्र और स्वाभिमान सर्वोपरि हैं। शेखावत ने युवाओं से आह्वान किया कि वे बारहठ के राष्ट्र प्रथम के विचार को आत्मसात कर देश निर्माण में सहभागी बनें।

शेखावत ने आयोजन समिति की मांग पर संस्कृति मंत्रालय की ओर से शाहपुरा में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी देश की अमूल्य धरोहर हैं और मोदी सरकार अब तक लगभग 20 हजार स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को सम्मानित कर चुकी है। वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह गीत आज फिर घर-घर तक पहुंच रहा है।

समारोह में ओंकार सिंह लखावत ने केसरीसिंह बारहठ को महान योद्धा, विद्वान और दूरदृष्टा बताते हुए कहा कि शायद ही कोई उदाहरण होगा, जहां किसी क्रांतिकारी ने अपना पूरा परिवार स्वतंत्रता आंदोलन में झोंक दिया हो।

उन्होंने बारहठ के इतिहास के पुनर्लेखन की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि उनके ग्रंथों और दस्तावेजों का प्रकाशन कराया जा रहा है तथा शाहपुरा में बारहठ पैनोरमा का निर्माण प्रगति पर है।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि देवखेड़ा को विकसित गांव बनाकर प्रधानमंत्री की 'मेरा गांव, मेरी धरोहर' योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने बताया कि राज्य सरकार ने देवखेड़ा को आदर्श गांव घोषित किया है और शीघ्र ही दो करोड़ रुपये के विकास कार्य शुरू होंगे।

अनावरण समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, अखिल भारतीय चारण गढ़वी महासभा के अध्यक्ष सीडी देवल, कोटा संभाग के पूर्व आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत, प्रताप सिंह बारहठ सेवा संस्थान के अध्यक्ष कैलाश सिंह जाड़ावत, डॉ. परमेश्वर कुमावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। केसरीसिंह बारहठ की दोहिती विजय लक्ष्मी व परिवारजनों की उपस्थिति ने आयोजन को भावनात्मक गरिमा प्रदान की।

## निकाय-पंचायतीराज चुनावः खर्च सीमा दोगुनी, ऊंटगाड़ी-बैलगाड़ी से प्रचार पर रोक

### वाहन, लाउडस्पीकर और रैली को लेकर सख्त निर्देश, उल्लंघन पर कार्रवाई तय




**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।** राज्य में होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनावों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने एक साथ कई अहम फैसले लिए हैं। आयोग ने जहां उम्मीदवारों की चुनावी खर्च सीमा को दोगुना तक बढ़ा दिया है, वहीं चुनाव प्रचार के तरीकों पर कड़ी लगाम कसते हुए ऊंटगाड़ी, बैलगाड़ी, तांगा जैसे पशु-चालित वाहनों और बड़े वाहनों के उपयोग पर पूरी तरह रोक लगा दी है।

नई गाइडलाइन के अनुसार उम्मीदवार अब बस, ट्रक, मिनी बस, मेटाडोर अथवा किसी भी प्रकार की पशुओं से चलने वाली गाड़ी का उपयोग प्रचार में नहीं कर सकेंगे। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित उम्मीदवार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि तय सीमा से अधिक चुनावी खर्च नहीं किया जा सकेगा और खर्च का पूरा ब्योरा 15 दिन के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी को देना अनिवार्य होगा।प्रचार में उपयोग होने वाले वाहनों की संख्या भी सीमित कर दी गई है। पंचायतीराज चुनाव में जिला परिषद सदस्य अधिकतम तीन, पंचायत समिति सदस्य दो और सरपंच प्रत्याशी केवल एक वाहन का ही उपयोग कर सकेंगे। वहीं शहरी निकाय चुनाव में नगर निगम पार्षद को तीन, नगर परिषद पार्षद को दो और नगर पालिका पार्षद को एक वाहन की अनुमति होगी। प्रचार से पहले इन वाहनों की सूचना रिटर्निंग ऑफिसर को देना जरूरी होगा।

लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी सख्ती बरती गई है। उम्मीदवार अपने चुनाव कार्यालय पर लाउडस्पीकर नहीं लगा सकेंगे। इसके अलावा अस्पताल, स्कूल और धार्मिक स्थलों से 100 मीटर के दायरे में लाउडस्पीकर से प्रचार पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग केवल मजिस्ट्रेट की अनुमति से ही किया जा सकेगा। किसी भी रैली या जुलूस के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

## बिजली लाइन फॉल्ट से मचा हड़कंपः सिविल कोर्ट क्षेत्र में सरकारी दफ्तरों व दुकानों के उपकरण जले, लाखों का नुकसान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।** कस्बे के सिविल कोर्ट के नजदीक मंगलवार को विद्युत लाइन में आई खराबी से कई सरकारी कार्यालयों, अधिवक्ताओं के दफ्तरों और टाइपिंग दुकानों में भारी नुकसान हो गया। जानकारी के अनुसार घटना में सिविल न्यायालय, तहसील कार्यालय और उपखंड कार्यालय सहित कई जगह में लगे कंप्यूटर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खराब हो गए। उपखंड कार्यालय के पास स्थित मुकेश धाकड़ की दुकान में आग लगने से करीब 3 से 4 लाख रुपये के नुकसान की जानकारी है। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना देख मौके पर मौजूद भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश धाकड़ ने दुकान के कांच तोड़कर पड़ोसियों के साथ आग बुझाने के प्रयास शुरू किए, जिससे आग को फैलने से रोका जा सका। इसी क्षेत्र में अधिवक्ता अनिल धाकड़, विकास जैन और पिंकेश धाकड़ की दुकानों में भी कंप्यूटर व प्रिंटर जलकर खराब हो गए। सूचना पर विद्युत विभाग ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता हेमेन्द्र नावर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में 11 हजार केवी लाइन का न्यूट्रल लाइन गिरने से कई स्थानों पर डायरेक्ट सप्लाई हो गई, जिसके चलते उपकरण जले। संबंधित ठेकेदार को मौका रिपोर्ट तैयार कर त्वरित मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं।



## एसीबी की बड़ी कार्रवाईः रीको का अनुभाग अधिकारी 30 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रीको जैसलमेर में वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय के अनुभाग अधिकारी भवानी शंकर खत्री को 30 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

जानकारी में सामने आया है कि जोधपुर शहर इकाई को शिकायत मिली थी कि किशनघाट औद्योगिक क्षेत्र में वर्ष 2024 में निरस्त किए गए भूखंड को अपील पर पुनः बहाल किए जाने के बाद, उस पर कार्य शुरू कराने और पत्रावली के कागजात ऑनलाइन करने की एवज में रिश्वत मांगी जा रही है। सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने पर कार्रवाई की गई।

यह ट्रैप कार्रवाई भुवन भूषण यादव के सुपरविजन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में तथा उप अधीक्षक किशनसिंह चारण की टीम ने अंजाम दी।

एसीबी राजस्थान की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## नागौर में किसानों को बड़ी सौगात, कांग्रेस पर तीखा हमला

### शिवराज बोले किसानों की शान कभी जाने नहीं दूंगा, 'जी रामजी' योजना से विपक्ष परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ नागौर।** राजस्थान के नागौर में आयोजित किसान सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हित में केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। चौहान ने कहा, पगड़ी का मान, आपका सम्मान और किसानों की शान कभी जाने नहीं दूंगा। मंच से उन्होंने नकली बीजों पर लगाम कसने के लिए बीज कानून और पेस्टीसाइड एक्ट लाने की घोषणा भी की। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'विकसित भारत जी रामजी' जैसी नई योजनाओं से कांग्रेस परेशान है। उन्होंने बताया कि यह योजना मजदूरों और किसानों दोनों के कल्याण को ध्यान में रखकर बनाई गई है। अपने चिर-परिचित अंदाज में उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा दो साल में कमाल कर दिया, योजनाओं की बरसात हो रही है। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा पर चुटकी लेते हुए बोले हम मामा, वो बाबा... हम एक बार आते हैं तो जिंदगी भर साथ निभाते हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि वोट चोरी की बात करने वाली कांग्रेस अपने कर्मों से जनता का विश्वास खो रही है। युवाओं को भरोसा दिलाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार 4 लाख नौकरियां देगी और पेपर लीक पर सख्ती से रोक लगी है। किरोड़ी लाल मीणा ने मंच से कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में भजनलाल सरकार ने 20 महीनों में 6,229 करोड़ रुपये किसानों को दिलाए, जिसमें पिछली सरकार का बकाया भी शामिल है। उन्होंने घोटालों की जांच जारी रहने की बात कहते हुए कहा मुंह से खाया, नाक से निकालेंगे। सम्मेलन में किसानों को 3,200 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी गई। इसमें पीएम ग्राम सड़क योजना में 2,000 करोड़+, राज्य परियोजनाओं से 1,200 करोड़ सीधे खातों में, कृषि-उद्यानिकी से 200 करोड़, कृषि आदान अनुदान से 700 करोड़, पीएम आवास (ग्रामीण) से 100 करोड़, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना से 200 करोड़ और नागौर के लिए 351 करोड़ के विकास कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम में खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा की गैरहाजिरी भी चर्चा में रही वे हालिया स्टिंग प्रकरण के बाद नजर नहीं आए।

' भीलवाड़ा फोकस '

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com




CMYK

# अरावली संरक्षण को लेकर पीएम से हस्तक्षेप की मांग, खनन पर पूर्ण प्रतिबंध की अपील

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर मानव अधिकार परिषद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने बताया कि सर्वसम्मति से अरावली क्षेत्र में अंधाधुंध खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और संरक्षण हेतु उच्च स्तरीय राष्ट्रीय समिति के गठन की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि बीते 20 नवंबर को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय में 100 मीटर से ऊँची पहाड़ियों की व्याख्या से अरावली के बड़े हिस्से पर खतरा बढ़ गया है। गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में फैली अरावली जल संरक्षण, भूजल रिचार्ज, पर्यावरण संतुलन और मरुस्थलीकरण रोकने में अहम भूमिका निभाती है। छोटी पहाड़ियों को बाहर करने से खनन बढ़ेगा और पर्यावरण को अपूरणीय क्षति होगी।

बंब ने आग्रह किया कि न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में अरावली में किसी भी प्रकार का खनन रोका जाए और दीर्घकालीन संरक्षण के लिए ठोस नीति बनाई जाए।

बैठक में जिला संरक्षक हेमंत कोठारी, मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी, जिला संयोजक लक्की ब्यावट, सहसंयोजक अनुराग बाबेल, महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, महामंत्री कुसुम श्रीमाल, सुनीता गांधी, रजनी बापना, लीला कोठारी, मधु लोढ़ा, जिला उपाध्यक्ष प्राचीर समदानी, ललित बोहरा, जिला महामंत्री ललित लोढ़ा, संगठन मंत्री सुशील लोढ़ा, ज्ञानचंद पगारिया, कोषाध्यक्ष विनोद सुखवाल, गोपाल शर्मा, रिखबचंद पीपाड़ा, विपिन जैन सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# अरावली संरक्षण को लेकर पीएम से पुनर्विचार की मांग

## ऊपरमाल पर्यावरण समिति ने जताई चिंता, आंदोलन की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

ऊपरमाल पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अरावली पर्वतमाला को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले पर पुनर्विचार की मांग की है। शर्मा ने पत्र में उल्लेख किया कि अरावली पर्वतमाला का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में स्थित है, जो रेगिस्तान को आगे बढ़ने से रोकने, भूजल संरक्षण, मानसून को आकर्षित करने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने चेताया कि इस फैसले से कृषि और पशुपालन पर निर्भर हजारों गांव, वन्यजीव, पर्यटन स्थल और जैव विविधता को गंभीर नुकसान हो सकता है, जिससे भविष्य में राजस्थान के पूर्ण रूप से रेगिस्तान में तब्दील होने का खतरा बढ़ जाएगा। शर्मा ने कहा कि अरावली से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ राष्ट्रीय हित के खिलाफ है। यदि निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की स्थिति बन सकती है। उन्होंने इसे मानव, वन्यजीव और पर्यावरण के समग्र कल्याण के लिए आवश्यक बताते हुए केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में विहिप बजरंग दल ने किया प्रदर्शन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और एक हिंदू युवक की नृशंस हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से देशभर में प्रदर्शन किए गए। इसी क्रम में विहिप भीलवाड़ा महानगर द्वारा भी विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।विहिप भीलवाड़ा महानगर मंत्री ओमप्रकाश लड्ढा ने बताया कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जिहादी तत्वों द्वारा एक निर्दोष हिंदू युवक की निर्मम हत्या की गई। उन्होंने इसे केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि मानवता, धार्मिक स्वतंत्रता और सभ्यता पर सीधा हमला बताया। इस अमानवीय कृत्य के विरोध में विहिप-बजरंग दल द्वारा आतंकवाद का पुतला दहन किया गया।उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, महिलाओं, संपत्तियों और पत्रकारों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। एक सामान्य हिंदू श्रमिक दीपू दास पर कथित ईशनिंदा का झूठा आरोप लगाकर उसे प्रताड़ित किया गया और भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटनाक्रम पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हुआ, लेकिन रोकने के प्रयास नहीं किए गए।

भीलवाड़ा महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि इस वीभत्स घटना से हिंदू समाज और संत समाज में गहरा रोष है और विश्व हिंदू परिषद इसका पुरजोर विरोध करती है। कार्यक्रम में प्रांत से ओमप्रकाश बुलिया, बालमुकुंद शर्मा, अखिलेश शर्मा, विभाग से विजय ओझा, बनवारी सोनी तथा महानगर से ओमप्रकाश लड्ढा, पवन ठाकुर, मुकेश प्रजापत, विकास सुवालका, सुशील सुवालका, अनिल बांठिया, रवि सोनी सहित प्रखंड स्तर से ऋतिक, सतीश, कुंदन, सागर, मनोज सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान अभियान के तहत बडला पहुंचा विकास रथ



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे 'बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान' अभियान के तहत विकास रथ विधानसभा क्षेत्र कोटड़ी के उपखंड की ग्राम पंचायत बडला पहुंचा।

इस अवसर पर जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट ने ग्रामीणों को सरकार के दो वर्षों में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों का सीधा लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम में बडला प्रशासक शिवराज जाट, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भंवरलाल जाट, कुलदीप सिंह (पूर्व सीआर), हीरालाल जाट, भोजराज गाडरी, भेरूलाल जाट, रामसिंह, रथ प्रभारी रामकुमार जाट, श्याम शर्मा, मुकेश जाट, पप्पू सिंह, रामलाल दरोगा, सांवरमल बलाई, ग्राम विकास अधिकारी श्यामसुंदर पारीक, एलडीसी गणेशलाल जाट, मुकेश, देवकिशन, कैलाशनाथ, कन्हैयालाल, भेरूलाल, किशोर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।।

# गौशाला भूमि पर अवैध अतिक्रमण का आरोप, मकरेड़ी के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**



**मानव तिवाड़ी ।** ग्राम पंचायत मकरेड़ी के ग्रामीणों ने सतकुड़िया चौराहा स्थित गौशाला की भूमि पर अवैध अतिक्रमण और खान का मलवा डाले जाने को लेकर उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि सतकुड़िया चौराहा, पटवार हल्का रेसुन्दा में बालाजी मंदिर के पास पिछले करीब 20 वर्षों से गौशाला संचालित है, जहां ग्राम पंचायत मकरेड़ी के ग्रामीण मिलकर असहाय व निराश्रित गौमाताओं की सेवा करते आ रहे हैं। गौशाला में दानदाताओं के सहयोग से वर्षों से चारा, पानी व अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कांस्या निवासी अशोक सेन व कमलेश सेन द्वारा अपनी खान का अवैध मलवा गौशाला की भूमि पर डालकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे गौशाला में बनी पानी की खेल को भी तोड़ दिया गया, जिसके कारण गौमाताओं के लिए पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। साथ ही चारदीवारी को नुकसान पहुंचाकर जबरन मलवा डाला जा रहा है, जिससे गौशाला की जमीन क्षतिग्रस्त हो रही है और गौवंश के रहने पर खतरा मंडरा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपितों द्वारा राजकीय भूमि पर भी करीब 70 फीट तक खान का मलवा डाला गया है। समझाइश के बावजूद अतिक्रमण नहीं रोका गया और ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। ग्राम पंचायत मकरेड़ी के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी से मामले की जांच कर अवैध अतिक्रमण हटाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# वी मैत्री क्लब द्वारा जरूरतमंद माताओं को हुआ खाद्य सामग्री का वितरण




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

वी मैत्री क्लब द्वारा निःसहाय एवं जरूरतमंद माताओं के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री वितरण का सेवा कार्यक्रम आर के कॉलोनी में आयोजित किया गया। संरक्षिका चेतना चपलोत ने बताया की कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद माताओं को आवश्यक खाद्य सामग्री की किट वितरित की गई। पुष्पा पोखरणा के सहयोग से कार्य संपन्न हुआ। मनीष बंब ने बताया कि कार्यक्रम में वी मैत्री क्लब की सीमा बापना, दीपिका जैन, सुरेखा पिपाड़ा, प्रेणा लोढ़ा, रेखा बोरदिया, पूनम तिवारी, प्रतिभा त्रिपाठी, पुष्पा पोखरणा एवं रानू नाहर सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।




QUICK BITES

## अच्छी शासन प्रथाओं पर कार्यशाला, जिले की पहलों का हुआ प्रस्तुतीकरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी व जवाबदेह बनाने की दिशा में मंगलवार को अच्छी शासन प्रथाओं एवं पहलों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जिले में सार्वजनिक सेवा वितरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, शिकायत निवारण और सार्वजनिक कार्यों से जुड़ी सफल पहलों पर चर्चा करना और उनका प्रदर्शन करना रहा।

कार्यक्रम में जिले में पूर्व में सेवाएं दे चुके एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ने अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान जिले की 100 दिनों की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा प्रशासनिक पहलों को दर्शाने वाली एक विशेष फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यशाला में जिले की तीन प्रमुख अच्छी शासन प्रथाओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया, जिनमें सार्वजनिक सेवा वितरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, शिकायत निवारण और सार्वजनिक कार्यों में किए गए नवाचार शामिल रहे। प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान प्रतिभागियों को जिला अधिकारियों से सीधे संवाद कर पहलों से जुड़े स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर मिला।

## राहगीरों के लिए मुसीबत बना सड़क के बीच लगा बिजली ट्रांसफॉर्मर

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 3, दूगड़ कॉलोनी में सड़क के बीचो-बीच लगा बिजली का ट्रांसफॉर्मर राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। इस मार्ग से रोजाना गुजरने वाले लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय वार्डवासियों ने बताया कि यह मार्ग नगर को जोड़ने वाला मुख्य सड़क मार्ग है। ट्रांसफॉर्मर के आसपास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से रात के समय दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। लोगों का कहना है कि अंधेरे में ट्रांसफॉर्मर दिखाई नहीं देता, जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

वार्डवासियों ने विद्युत विभाग और नगर पालिका प्रशासन से ट्रांसफॉर्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने अथवा उसके चारों ओर उचित सुरक्षा व प्रकाश व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सावर से विकास रथ रवाना, जनकल्याण योजनाओं का प्रचार






भीलवाड़ा फोकस @ सावर।

**दिलखुश** । राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार चल रहे 'बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' अभियान के तहत मंगलवार को उपखंड मुख्यालय से विकास रथ रवाना किया गया। विधायक शत्रुघ्न गौत्तम के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा ने विकास रथ को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह शक्तावत, जिला महामंत्री रायचंद बागड़ी, बावन माता मंडल अध्यक्ष राजवीर हावा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनजीत सिंह शक्तावत सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभियान के तहत सावर बस स्टैंड पर आमसभा भी आयोजित हुई, जहां वक्ताओं ने राज्य सरकार के दो वर्षों में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा केंद्र सरकार की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

# विकसित राजस्थान के विजन में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भीलवाड़ा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के संकल्प के साथ निरंतर काम कर रही है। बीते दो वर्षों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता से जुड़ी अनेक योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं सशक्त नारी-सशक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ी हैं।

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत अब तक 4.82 करोड़ गैस सिलेंडर रिफिलिंग पर 867 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी है, जिससे महिलाओं को धुएं से राहत और बेहतर स्वास्थ्य मिला है।

शिक्षा के क्षेत्र में 4.14 लाख छात्राओं को 181 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, 10.51 लाख साइकिलें और 39,586 स्कूटियां वितरित की गई हैं।

सामाजिक सुरक्षा के तहत 19.24 लाख महिला पेंशनर्स को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है, वहीं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 24,686 कन्याओं के विवाह हेतु 96.24 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। लाड़ो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 4.60 लाख बालिकाओं को पहली किश्त मिल चुकी है।

आत्मनिर्भरता की दिशा में राजीविका मिशन से 12.06 लाख महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं। महिला स्वास्थ्य के लिए मातृ वंदना और मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना के तहत लाखों महिलाओं को आर्थिक सहायता दी गई है, जबकि सेनेटरी नैपकिन और मा वाउचर योजना से मातृ-शिशु स्वास्थ्य को मजबूती मिली है।

# विकास रथ यात्रा पंहुची सवाईपुर, सरकार के 2 वर्ष के कार्यों से जनता को कराया रूबरू

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( **सांवर वैष्णव** ):- राजस्थान सरकार के बेमिसाल 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर ग्राम पंचायत स्तर जनसंपर्क हेतु राजस्थान सरकार की विकास रथ यात्रा बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान की विकास रथ यात्रा मंगलवार को सवाईपुर, बनकाखेड़ा, बड़ला व रेड़वास ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पहुंचा । इसमें राज्य सरकार की योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित रथ यात्रा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पहुंची । इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश चंद्र तिवाड़ी, सवाईपुर प्रशासक किशनलाल जाट, बड़ला प्रशासक शिवराज जाट, बनकाखेड़ा प्रशासक रामू देवी गाड़री, पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी, जिला परिषद सदस्य लादी देवी जाट, बद्रीलाल जाट प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख राजस्थान प्रदेश, बद्रीलाल तेली प्रातः अध्यक्ष अफीम किसान संघर्ष समिति राजस्थान प्रदेश, कनिष्ठ लिपिक मुकेश पारीक, देवराज जाट, दयाल सिंह राठौड़, शांतिलाल आचार्य, मंडल अध्यक्ष सीताराम रायका, श्री कल्याण आचार्य किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, चंद्र प्रकाश गाड़री, रामकुमार जाट, वार्डपंच मोड़ सिंह दरोगा, वार्डपंच रामेश्वर लाल जाट, वार्डपंच मोहनलाल रेगर आदि कई मौजूद रहे । जिला महामंत्री जात में मंडल अध्यक्ष सेन ने बदलते राजस्थान में विकास की तेज गति हुई और सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ऐसे जनसंपर्क अभियान एवं भूमिका निभा रहे हैं सहित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी इस दौरान कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे ।

# खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खो-खो सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।



स्थानीय नवजीवन पब्लिक स्कूल उच्च प्राथमिक विद्यालय में चल रही तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खो-खो, कुर्सी रेस और चम्मच रेस सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। बालक-बालिका वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्रीड़ा प्रभारी निर्मला पाराशर ने बताया कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों में पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि, टीमवर्क और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रधानाध्यापक सुनील कुमार पहाड़ियां ने बताया कि प्रतियोगिता 22 दिसंबर से आयोजित की जा रही है। शिक्षक मुकेश जैन और अमित बड़ोदिया ने रेफरी की भूमिका निभाई, जबकि स्टाफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# राजकीय उच्च विद्यालय में हुआ जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




राजकीय उच्च विद्यालय हलेड़ में लायन्स क्लब की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। लायन्स क्लब अध्यक्ष पवन पंवार ने बताया की कि क्लब द्वारा खरीदी गई नई एम्बुलेंस के माध्यम से गांव-गांव जाकर गरीब एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों की आंखों की जांच व उपचार किया जाएगा।

उपाध्यक्ष ललित सांखला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर जीनगर तथा विशिष्ट अतिथि सुधीर राठी (रीजन एडवाइजर) और विनोद जैन (पूर्व रीजन चेयरमैन) उपस्थित रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों व भामाशाहों का आभार जताया। मंच संचालन शारीरिक शिक्षक मुकेश कुमावत ने किया। इस अवसर पर कमलेश कुमारी मीणा, सत्यनारायण मारू, अनिल कुमार वासवानी, प्रिया रानी, लीला हेड़ा, संगीता पंवार, भीम सिंह राणावत सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# सेना में चयनित जवान का हुआ भव्य स्वागत, देशभक्ति से गूंजा गांव

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**( सांवर वैष्णव )** क्षेत्र के सबला जी का खेड़ा गांव निवासी साधारण परिवार के युवक कृष्ण पाल सिंह राठौड़ के भारतीय सुरक्षा बल में चयन और प्रशिक्षण पूर्ण कर गांव लौटने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। कृष्ण पाल सिंह का बीते वर्ष 12 दिसंबर को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (ष्ट्रढ्ढस्स्न) में चयन हुआ था। राठौड़ ने उड़ीसा में 11 माह का प्रशिक्षण पूरा किया और वर्तमान में मुंबई में तैनात हैं। गांव लौटने पर सवाईपुर चौराहे पर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय स्टाफ ने भी सम्मान किया,



जहां उन्होंने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। इसके बाद डीजे के साथ सैनिक सम्मान यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न चौराहों से होते हुए गांव पहुंची। घर पहुंचकर कृष्ण पाल सिंह ने अपने दादा भंवर सिंह को अपनी कैप पहनाई, जिससे भावुक क्षण देखने को मिला। पूरे गांव में देशभक्ति गीतों और जयकारों से माहौल देशभक्तिमय रहा।

विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने कहा कि सवाईपुर के विद्यार्थियों में अपार जज्बा और संभावनाएं हैं। सही मार्गदर्शन और संसाधन मिलने पर यहां के युवा सेना, पुलिस और अन्य सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में विद्यालय के तीन छात्रों का अग्निवीर में तथा दो पूर्व छात्रों का सेना में चयन हुआ है ।

# ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर में मौके पर समाधान

## वर्षों पुराने बंटवारे व नाम शुद्धिकरण प्रकरण निस्तारित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बे में मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भोपतपुरा, लक्ष्मीखेड़ा एवं माल का खेड़ा के लिए आयोजित शिविर की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी अजीत सिंह ने की। शिविर में भोपतपुरा स्थित बंटवारे से जुड़े लंबे समय से लंबित प्रकरण में काली पत्नी श्यामलाल एवं काली पत्नी जगदीश (निवासी भोपतपुरा) के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की गई। उपखंड अधिकारी के




निर्देशानुसार तहसीलदार ललित डीडवानिया ने दोनों पक्षों को विश्वास में लेकर राजस्व अभिलेखों की विधिसम्मत जांच की और आपसी सहमति से आदेश पारित कर न्यायसंगत निस्तारण किया।

इसी शिविर में ग्राम किशनपुरियां के वर्षों पुराने बंटवारे के प्रकरण में गोपाल पुत्र काना एवं नाथू पुत्र काना (निवासी फतहपुर) के आवेदन पर भी तत्काल संज्ञान लेकर नियमों के तहत समयबद्ध व निष्पक्ष आदेश पारित किए गए, जिससे पक्षकारों को राहत मिली।

वहीं ग्राम भटखेड़ी निवासी गुड्डी कंवर के नाम शुद्धिकरण आवेदन पर सत्यापन के बाद खाते में प्रविष्ट नाम को 'लाड कंवर' के स्थान पर 'गुड्डी कंवर' दर्ज किया गया। शिविर में कुल 6 आपसी सहमति से बंटवारे, 8 राजस्व रिकॉर्ड शुद्धि, 17 नामांतरण, 123 कृषि मिनी किट वितरण तथा 4 पालनहार प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# 'नई चेतना 4.0' के तहत जेंडर हिंसा के विरुद्ध ब्लॉक स्तरीय बैठक

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**रमेश गुर्जर।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक द्वारा 'नई चेतना 4.0' पहल के अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान की ब्लॉक स्तरीय कन्वर्जेंस बैठक पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने की।




कार्यक्रम की शुरुआत बीपीएम रिंकू मीणा ने की। बैठक में बीडीओ अशेष शर्मा, तहसीलदार ललित कुमार, बीसीएमओ डॉ. गोपाल यादव, एईएन अशोक स्वर्णकार, बीवीएचओ डॉ. अश्विनी, एसआई (बीएसओ) गिर्राज वर्मा, आईए सुलोचना धूमस (एसजेई) सहित राजीविका के सीएलएफ पदाधिकारी, सीसी, सीएम और एआरपी अभिषेक सेन उपस्थित रहे। अंत में बीटीसी वेदकमल दांतोंनिया ने सभी को जेंडर समानता की शपथ दिलाई, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अरावली संरक्षण को लेकर विधायक ने की 100 मीटर ऊंचाई की व्याख्या पर पुनर्विचार की अपील

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर विधायक अशोक कोठारी ने अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर हालिया 100 मीटर ऊंचाई संबंधी व्याख्या पर तत्काल हस्तक्षेप व पुनर्विचार की मांग की है।

पत्र में विधायक कोठारी ने अरावली को एशिया की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखलाओं में से एक बताते हुए कहा कि यह राजस्थान की लाइफलाइन है और थार मरुस्थल के विस्तार को रोकने वाली प्राकृतिक दीवार का काम करती है। उन्होंने उल्लेख किया कि अरावली की आयु लगभग 2 से 2.5 अरब वर्ष मानी जाती है और इसका करीब 80 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में स्थित है। राज्य सरकार द्वारा हरित अरावली विकास योजना के तहत 250 करोड़ रुपये की घोषणा इसी महत्व को दर्शाती है।

विधायक ने चिंता जताई कि सर्वोच्च न्यायालय की हालिया व्याख्या के आधार पर यदि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली के दायरे से बाहर किया गया, तो कई डूंगर, डूंगरी और मगरा कानूनी संरक्षण से वंचित हो जाएंगी। इससे खनन और रियल एस्टेट जैसी गतिविधियों को खुली छूट मिल सकती है, जो पर्यावरण के लिए घातक होगी। उन्होंने आगाह किया कि अरावली कमजोर



होने पर उत्तर भारत में हीटवेव, जल संकट और धूल भरी आंधियों का खतरा बढ़ेगा।

खेजड़ली आंदोलन जैसे ऐतिहासिक पर्यावरणीय बलिदानों का स्मरण कराते हुए कोठारी ने कहा कि पहाड़ों के कटने से वन्यजीव और गौवंश निराश्रित हो रहे हैं। उन्होंने भावुक अपील में लिखा कि धरती पर गौमाता सुखी होगी, तभी मानव सुखी होगा।

पत्र में विधायक ने मांग की कि अरावली की पहचान केवल ऊंचाई के आधार पर नहीं, बल्कि भू-वैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्व के आधार पर की जाए; 100 मीटर की व्याख्या पर तत्काल पुनर्विचार हो; अरावली को राष्ट्रीय प्राकृतिक धरोहर घोषित कर दीर्घकालिक संरक्षण नीति बनाई जाए; तथा खनन व अनियंत्रित निर्माण पर प्रभावी रोक लगाई जाए।

विधायक कोठारी ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में अरावली संरक्षण के लिए राष्ट्रहित में ठोस निर्णय लिए जाएंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य मिल सके।

# भीलवाड़ा के कबड्डी गढ़ से राष्ट्रीय मंच तक पहुँचा आयुष चौधरी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में कबड्डी की मजबूत परंपरा को एक बार फिर पहचान मिली है। कबड्डी का गढ़ कहे जाने वाले राजकीय उ'च माध्यमिक विद्यालय, ककरोलिया घाटी के छात्र आयुष चौधरी (14 वर्ष) का राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी में चयन हुआ है।

भूगोल व्याख्याता मनीष मोरलिया ने बताया कि आयुष नागौर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर दुर्ग (छत्तीसगढ़) में होने वाली राष्ट्रीय स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर संस्था प्रधान शिव प्रकाश मीणा, उप प्रधान कैलाश सुथार, सरपंच प्रतिनिधि कमलेश जाट, पवन कुमार ओझा, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मुकेश पाराशर, शारीरिक शिक्षक शिवराम खटीक, महेश कुमार, रामसिंह मीणा, कैलाश चंद भाम्भी, नमो नारायण मीणा, कमलेश कुमार मीणा, भंवरलाल सुथार, जगदीश चंद्र जाट, कालूराम जाट, तेज सिंह कानावत, राजमल तंवर, शिमला जाट, लक्ष्मण जाट और अम्बा लाल जाट सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।



## QUICK BITES

# बड़लियास विद्यालय में 88 बच्चों को जर्सियां वितरण की


**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव )**:- क्षेत्र के बड़लियास कस्बे में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को भामाशाहों के द्वारा विद्यालय में अध्यनरत 88 जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां वितरण की गई, जर्सिया पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे । प्रधानाचार्य अरविंद कसारा ने बताया कि भामाशाह आशीष कुमार सोनी, प्रदीप लुहाड़िया व नरेश लुहाड़िया ने सर्दी के मौसम को देखते हुए बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए विद्यालय में कक्षा 1 से 6 तक के 88 जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां वितरण की गई । इस दौरान पूर्व प्रधान विजय सिंह, प्रशासक प्रकाश चन्द्र रेगर, हरक नागला, भंवर लाल स्वर्णकार आदि कई मौजूद रहे ।।

# स्वास्थ्य शिविर: 130 बच्चों को मिला उपचार, 7 को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



चिकित्सा विभाग की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आरबीएसके टीम द्वारा चिन्हित बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार सुनिश्चित करना रहा।

बीएमएचओ डॉ. प्रीतम गुप्ता ने बताया कि शिविर में कुल 130 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया, वहीं 7 बच्चों को उच्च चिकित्सा परामर्श एवं इलाज के लिए रेफर किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों की जांच के साथ आवश्यक परामर्श और दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अदब अगवाणी, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र भोजवानी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.सी. गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम खटवानी, नेत्र योग विशेषज्ञ सुमन सैनी सहित कैंपस सुपरवाइजर व सीनियर लैब टेक्नीशियन सुखदेव कुमावत, श्याम सिंह, शांतिलाल बलाई, जाकिर हुसैन, बीपीएम तथा आरबीएसके टीम की अनीता गुर्जर और नीतू बागोरिया सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सेवाएं दीं।

# जरूरतमंद विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परासोली में समाजसेवी व भामाशाह अशोक श्रीमाल (आसींद) तथा भैरूलाल कुमावत (वरिष्ठ अध्यापक, परासोली) के सौजन्य से जरूरतमंद विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए की गई इस पहल से विद्यार्थियों को ठंड से राहत मिली और उनके चेहरों पर खुशी दिखाई दी।

विद्यालय में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवदर्शन सिंह खिंची ने भामाशाहों का आभार जताते हुए कहा कि समाजसेवियों का ऐसा सहयोग शिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे मन लगाकर अध्ययन कर पाते हैं, साथ ही अन्य समाजसेवियों से भी विद्यालय हित में आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एसडीएमसी सदस्य कन्हैयालाल शर्मा, भेरूलाल शर्मा, उपाचार्य मुकेश कुमार मीणा सहित समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भामाशाह ने विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



निकटवर्ती गांव मुणपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह मोहम्मद सद्दीक की ओर से विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी।

उल्लेखनीय है कि मोहम्मद सद्दीक इसी विद्यालय में शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता और परोपकार की भावना से प्रेरित होकर उन्होंने अपनी ओर से गर्म स्वेटर भेंट कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद कुमार पारीक सहित शिक्षक स्टाफ बाबूलाल, सुनील पाल, सत्यनारायण सोनी आदि ने भामाशाह मोहम्मद सद्दीक का सम्मान किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।